आनंदालय

सामयिक परीक्षा-2

कक्षा : ग्यारहवीं

विद्या सवार्थ साधिका

| | |
|---|---|
| विषय : हिंदी (302) | अधिकतम अंक : 80 |
| दिनांक : 22-09-2023 | अधिकतम समय : 3 घंटे |

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है - 'अ', और 'ब'
2. खंड 'अ' में कुल छह बहुविकल्पीय प्रश्न (उप प्रश्नों सहित) हैं और खंड 'ब' में दस वर्णनात्मक (उप प्रश्नों सहित) प्रश्न हैं |
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रम संख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

## खंड - 'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक अवलोकन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:- (1x10=10)

मनुष्य के लिए भोजन एक सबसे महत्त्वपूर्ण विषय है। भोजन के लिए लोग न जाने क्या-क्या करते हैं और न जाने कहाँ से कहाँ तक चले जाते हैं, फिर भी हमारी दुनिया की एक बड़ी सच्चाई है कि रोज लगभग 10 करोड़ लोग भूखे रह जाते हैं, जिनमें से करीब 5 करोड़ लोग भुखमरी जैसी स्थिति में रहने को मज़बूर हैं। दुनिया में बहुत प्रयासों के बावजूद खाद्य असुरक्षा की समस्या बढ़ती चली जा रही है। जलवायु परिवर्तन, अत्यधिक बारिश या कम बारिश के कारण भी सामान्य खाद्यान्न उत्पादन पर गहरा असर पड़ रहा है। दुनिया में एक बड़े इलाके में स्थायी रूप से खेती प्रभावित होने लगी है। लोग खेती छोड़कर दूसरे व्यवसायों में लगने को मज़बूर हो रहे हैं और खेती करने वालों की संख्या घट रही है। कृषि उत्पादों की कीमत बढ़ रही है और लगे हाथ मंदी का दौर भी चल ही रहा है। तो कुल मिलकार दुनिया में यह एक बड़ी चिंता है कि आने वाले समय में वंचितों या भूखे लोगों का पेट कैसे भरा जाएगा ? ऐसे में, 'ब्ल्यू फूड' की चर्चा दिनोंदिन तेज़ होती जा रही है । 'ब्ल्यू फूड'मतलब जलीय खाद्य पदार्थ।

इसमें कोई शक नहीं कि हमें पानी से मिलने वाले खाद्य पदार्थों के बारे में पूरी जानकारी है, लेकिन हमने कभी इस बात पर ध्यान नहीं दिया कि जलीय खाद्य पदार्थ क्षेत्र में कितनी संभावना है।

खाद्य आपूर्ति की हमारी योजनाओं में थल भाग या खेतों-वनों में पैदा होने वाले की ही बहुलता होती है। ये ब्ल्यू फूड कई खाद्य प्रणालियों का महत्त्वपूर्ण घटक है फिर भी खाद्य नीति बनाते समय इन पर बहुत कम ध्यान दिया गया है। हमें अपनी खाद्य नीति में जलीय खाद्य पदार्थों को भी शामिल करके खाद्य सुरक्षा का विस्तार करना चाहिए। भारत में ओडिशा या दक्षिण भारत के कुछ क्षेत्रों में दोपहर के भोजन में 'ब्ल्यू फूड' के ही एक प्रकार मछली का उपयोग शुरू हो रहा

है, लेकिन इस कार्य को बड़े पैमाने पर उन तमाम क्षेत्रों में तो किया ही जा सकता है, जहाँ जलीय खाद्य पदार्थों की प्रचुर उपलब्धता है। जलीय खाद्य पदार्थ, मीठे पानी और समुद्री परिवेश से प्राप्त जीव, पौधे और शैवाल दुनिया में 3.2 अरब से भी अधिक लोगों को प्रोटीन की आपूर्ति करते हैं। दुनिया के कई तटीय, ग्रामीण समुदायों में यह पोषण का मुख्य आधार है। यह बात भी छिपी नहीं है कि जलक्षेत्र 80 करोड़ से अधिक लोगों की आजीविका का आधार है।

लेकिन इतना विशाल क्षेत्र होने के बावजूद दुनिया में लोग भूखे सोने को मज़बूर हैं। पोषण का बड़ा अभाव है। हमें ज़मीन आधारित खाद्य प्रणालियों की सीमा और उसके खतरों को भी समझना चाहिए। गौर कीजिए, ये खाद्य प्रणालियाँ संपूर्ण ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में एक-चौथाई के लिए ज़िम्मेदार हैं। अतः जलीय खाद्यों को बढ़ावा देने के बारे में हमें गंभीरता से सोचना चाहिए। यह पौष्टिक और टिकाऊ आधार है। जिन देशों में जलीय खाद्य की संभावना ज़्यादा है, उन देशों को अपने यहाँ भोजन स्रोत में परिवर्तन पहले करना चाहिए। इस दिशा में प्रयास तेज़ होने चाहिए। एक सभ्य दुनिया में भोजन से जुड़े नैतिक दबावों के बजाय ज़्यादा ज़रूरी यह है कि किसी भी इनसान को भूखे न सोना पड़े।

(i) प्रस्तुत गद्यांश का वर्ण्य (शीर्षक) विषय हो सकता है—

(क) बढ़ती खाद्य समस्या (ख) खाद्य असुरक्षा की समस्या

(ग) जलीय खाद्य की ज़रूरत (घ) भुखमरी की समस्या

(ii) उपरोक्त गद्यांश के आधार पर बताइए कि खाद्यान्न कम क्यों हो रहा है ।

(क) कृषि योग्य भूमि का कम होना (ख) धरती के तापमान का बढ़ना

(ग) सिंचाई के लिए वर्षा पर निर्भरता (घ) लोगों की कृषि कार्यों में रूचि का न होना

(iii) दिनोंदिन बढ़ती खाद्य समस्या से कैसे निपटा जा सकता है ?

(क) कृषि संबंधी उत्पाद बढ़ाकर (ख) जलीय खाद्य पदार्थों का सेवन कर

(ग) फल-सब्ज़ियों का सेवन कर (घ) डेयरी उत्पादों का सेवन कर

(iv) जलीय खाद्य पदार्थ से क्या अभिप्राय है ?

(क) जल से पैदा होने वाले खाद्य पदार्थ

(ख) जल में पैदा होने वाले खाद्य पदार्थ

(ग) नदियों के आस-पास पैदा होने वाले खाद्य पदार्थ

(घ) पानी के स्रोतों के आस-पास पैदा होने वाले खाद्य पदार्थ

(v) हमारी खाद्य आपूर्ति की योजनाओं में किन उत्पादों पर विचार नहीं किया जाता ?

(क) खेतों में पैदा होने वाले उत्पाद (ख) पशुओं से मिलने वाले उत्पाद

(ग) जल में पैदा होने वाले उत्पाद (घ) वनों से मिलने वाले उत्पाद

(vi) पूर्वी या दक्षिण भारतीय राज्यों में 'ब्ल्यू फूड'के रूप में कौन-सा फूड खाया जाता है?

(क) मछली (ख) झींगा (ग) शैवाल (घ) केकड़ा

(vii) दुनिया के कई तटीय और ग्रामीण समुदायों में भोजन का मुख्य आधार है—

(क) खाद्यान्न (ख) समुद्री खाद्य पदार्थ

(ग) डेयरी उत्पाद (घ) जलीय खाद्य पदार्थ

(viii) ज़मीन आधारित खाद्य प्रणालियाँ ज़िम्मेदार हैं—

(क) ज़मीन को बंजर बनाने में (ख) ज़मीन को उपजाऊ बनाने में

(ग) ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के लिए (घ) खाद्यान्न की समस्या के लिए

(ix) अपने भोजन-स्रोत में किन देशों को पहले परिवर्तन करना चाहिए ?

(क) जो देश नदियों के किनारे बसे हैं।

(ख) जो देश तालाबों-पोखरों के किनारे बसे हैं।

(ग) जिन देशों में जलीय खाद्य की संभावना अधिक है।

(घ) जिन देशों में मांसाहारी भोजन अधिक खाया जाता है।

(x) 'आजीविका'शब्द का अर्थ गद्यांश के आधार पर है-

(क) जीवन (ख) पालन-पोषण (ग) व्यवसाय (घ) रोजी रोटी

अथवा

मित्रता को निभाना भी मुश्किल कार्य है। इसे ईर्ष्या, द्वेष, अपमान, तिरस्कार, उपहास मानसिक व हार्दिक संकीर्णता तथा संदेह से बचाना जरूरी है। दोस्ती की सौंधी-सी सुगंध से जीवन सराबोर रखना है, तो कुछ बातों को ध्यान में रखना होगा। मित्र ऐसा हो जो सही मार्गदर्शन कर सके, आपके लिए सही अर्थों में हमदर्द बन सके जो आपको नेक सलाह दें और आपके दुख दर्द में सम्मिलित हो सके। जो आपको निराशा और हताशा का शिकार ना बनने दें, बल्कि आशावाद और ऊर्जावान बनाने में सहायता करें। सच्चाई, ईमानदारी परस्पर साझीदारी प्रेम, विश्वास, निस्वार्थ भावना एक दूसरे के लिए हर पल सर्वस्व त्याग की भावना मित्रता को सफलता के उच्चतम पायदान पर पहुंचा देते हैं। अतः इनको ध्यान में रखें मित्रता में धन को कभी ना आने दे, ऐसा वक्त आने पर सभी संबंधों को तोड़ने में अहम भूमिका अदा करता है।

दोस्ती में कभी भी झूठ नहीं बोलना चाहिए, दोस्ती जहां तक संभव हो अपनी बराबरी वालों से ही करनी चाहिए अन्यथा कभी-कभी बातों में किसी प्रकार का अहम मित्रता को जार जार कर सकता है। सच्ची मित्रता में एहसान और मेहरबानी का कोई स्थान नहीं होता, सिर्फ मित्रता होती है। ऐसी-वैसी कोई बात घटित हो जाए तो उसका जिक्र तीसरे के सामने नहीं करें संदेह व अविश्वास को कभी पनपने ही ना दें। मित्रता कितनी भी अटूट वह घनिष्ठ क्यों ना हो, कभी भी मित्र को किसी गलत कार्य के लिए प्रेरित या उत्साहित ना करें। यदि किसी परिस्थितिवश या अन्य कारण विशेष से वह कोई अनैतिक किया गलत राह पर जा रहा हो तो तत्काल मार्ग प्रशस्त करें व नेक सलाह व उचित मार्गदर्शन दें।

(i) मुश्किल कार्य क्या है?

(क) मित्रता को निभाना (ख) मित्रता करना

(ग) उपरोक्त दोनों (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

(ii) मित्रता को किससे बचाना आवश्यक है?

(क) ईर्ष्या द्वेष से (ख) अपमान तिरस्कार

(ग) उपहास मानसिक संकीर्णता (घ) उपरोक्त सभी

(iii) मित्र कैसा होना चाहिए ?

(क) जो सही मार्गदर्शन कर सके (ख) हमदर्द हो नेक सलाह दे

(ग) हताशा व निराशा से बचाए (घ) उपरोक्त सभी

(iv) मित्रता के मध्य किसे नहीं आने देना चाहिए?

(क) धन (ख) विश्वास

(ग) त्याग की भावना (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

(v) सच्चा मित्र कौन है?

(क) जो सही गलत हर कार्य में साथ दें

(ख) जो अपने मित्र को सही कार्य करने की प्रेरणा दें

(ग) जो मित्र को उसकी कमियां बताएं

(घ) 'ख' और 'ग' दोनों

(vi) मित्रता को सफल बनाने वाले गुण कौन से हैं?

(क) सच्चाई ईमानदारी त्याग की भावना (ख) प्रतिस्पर्धा की भावना

(ग) संदेह की भावना (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

(vii) परिस्थिति शब्द में उपसर्ग है ?

(क) पर (ख) परि (ग) प्र (घ) पर्

(viii) निम्नलिखित विलोम शब्द के युग्म में गलत युग्म का चयन कीजिए ?

(क) सुगंध-खुशबू (ख) नैतिक-अनैतिक

(ग) अविश्वास-विश्वास (घ) मित्रता-शत्रुता

(ix) मित्रता शब्द है ?

(क) विशेषण (ख) भाववाचक संज्ञा

(ग) क्रिया (घ) क्रिया विशेषण

(x) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक का चयन कीजिए?

(क) मित्र (ख) मित्रता

(ग) मित्र का त्याग (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (1x5=5)

क्या करोगे अब ?
समय का
जब प्यार नहीं रहा
सर्वसहा पृथ्वी का
आधार नहीं रहा
न वाणी साथ है
न पानी साथ है
न कही प्रकाश है स्वच्छ
जब सब कुछ मैला है आसमान
गंदगी बरसाने वाले
एक अछोर फैला है
कही चले जाओ
विनती नहीं है
वायु प्राणप्रद
आदंकर आदमी
सब जग से गायब है

(i) कवि ने धरती के बारे में क्या कहा है ...

(क) रत्नगर्भा (ख) आधारशिला (ग) सर्वसहा (घ) माँ

(ii) 'आदमकद आदमी' से क्या तात्पर्य है

(क) मानवीयता से भरपूर आदमी (ख) ऊंचे कद का आदमी

(ग) सम्पूर्ण मनुष्य (घ) सामान्य आदमी

(iii) आसमान की तुलना किससे से की गयी है...

(क) समुद्र से (ख) नीली झील से

(ग) पतंग से (घ) गंदगी बरसाने वाले थैले से

(iv) प्राणदान का तात्पर्य है-

(क) प्राणों को पूर्ण करने वाला (ख) प्राण प्रदान करने वाला

(ग) प्राणों को प्रणाम करने वाला (घ) प्राणों को छीन लेने वाला

(v) कवि समय से कब और क्यों कतराना चाहते हैं

(क) किसी के पास बात करने का समय नहीं (ख) किसी को दो क्षण बैठने का समय नहीं

(ग) किसी को प्यार करने का समय नही (घ) इसमें से कोई नहीं

3. निम्नलिखित प्रश्नों का ध्यान से पढ़िए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:- (1x5=5)

(i) समाचारों में कौन-सा तत्व अधिक अहम् होता है

(क) अन्यायपूर्ण (ख) न्यायसंगत (ग) विद्वेष पूर्ण (घ) असत्य

(ii) किसी भी पत्रकार के लिए सदा क्या होना आवश्यक है?

(क) निष्पक्ष (ख) कपटी (ग) एकपक्षीय (घ) दुर्भावपूर्ण

(iii) समाचार वही है जो उस घटना की जानकारी दे जो-

(क) बासी हो (ख) ताज़ी हो (ग) बेकार हो (घ) शुष्क हो

(iv) पटकथा की मूल इकाई क्या है ?

(क) दृश्य (ख) रंगमंच (ग) कंप्यूटर (घ) अभिनेता

(v) भविष्य में होने वाली घटनाओं को किस तकनीक से प्रस्तुत किया जाता है ?

(क) फ्लैशफारवर्ड (ख) फ्लैश**टे**क (ग) फ्लैशलाईट (घ) फ्लैशलाईव

4. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक अवलोकन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए - (1x5=5)

मैंने कहा कि चंपा, पढ़ लेना अच्छा है
ब्याह तुम्हारा होगा, तुम गौने जाओगी,
कुछ दिन बालम संग साथ रह, चंपा जाएगा जब कलकत्ता
बड़ी दूर हैं वह कलकत्ता
कैसे उसे सँदेसा दोगी
कैसे उसके पत्र पढ़ोगी।
चंपा पढ़ लेना अच्छा है।
चंपा बोली; तुम कितने झूठे हो, देखा,
हाय राम, तुम पढ़-लिख कर इतने झूठे हो
मैं तो ब्याह कभी न करूँगी

और कहीं जो ब्याह हो गया
तो मैं अपने बालम को सँग साथ रखूँगी
कलकत्ता मैं कभी न जाने दूँगी
कलकत्ते पर बजर गिरे।

(i) विवाह के बाद चंपा किसे अपने साथ रखेगी?

(क) सास को (ख) ससुर को (ग) देवर को (घ) पति को

(ii) चंपा ने काव्यांश में किसे झूठा कहा है ?

(क) कवि को (ख) अपने पिता को (ग) गाँधी जी को (घ) किसी को भी नहीं

(iii) चंपा का स्वभाव कैसा है?

(क) गंभीर (ख) क्रोधी (ग) चंचल (घ) संदेही

(iv) 'बालम' कौन होता है ?

(क) बालक (ख) पिता (ग) पति (घ) ससुर

(v) 'हारे गाढ़े काम सरेगा' में "हारे गाढ़े" क्या है?

(क) हर समय (ख) कठिनाई में (ग) मिलने पर (घ) प्रदेश जाने पर

5. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक अवलोकन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:- (1x5=5)

रमेश बाबू लखनऊ में नौकरी करते थे और औसत दफ़्तरी बड़े बाबू की हैसियत वाले रमेश के लिए सोहन को अपनी भाई-बिरादर बतलाना अपने सम्मान के विरुद्ध जान पड़ता था और उसे घरेलू नौकर से अधिक हैसियत नहीं देता था, इस बात को मोहन भी समझने लगा था। थोड़ी बहुत हीला हवाली करने के बाद रमेश ने निकट के ही एक साधारण से स्कूल में उसका नाम लिखवा दिया। लेकिन एकदम नए वातावरण और रात-दिन के काम के बोझ के कारण गाँव का वह मेधावी छात्र शहर के स्कूली जीवन में अपनी कोई पहचान नहीं बना पाया। उसका जीवन एक बंधी बँधाई लीक पर चलता रहा। साल में एक बार गर्मियों की छुट्टी में गाँव जाने का मौक भी तभी मिलता जब रमेश या उसके घर का कोई प्राणी गाँव जाने वाला होता वरना उन छुट्टियों को भी अगले दरजे की तैयारी के नाम पर उसे शहर में ही गुज़ार देना पड़ता था। अगले दरजे की तैयारी तो बहाना भर थी, सवाल रमेश और उसकी गृहस्थी की सुविधा-असुविधा का था। मोहन ने परिस्थितियों से समझौता कर लिया था, क्योंकि और कोई चारा भी नहीं था। घरवालों को अपनी वास्तविक स्थिति बतलाकर वह विशेषकर अपने पिताजी को दुखी नहीं करना चाहता था। वंशीधर उसके सुनहरे भविष्य के सपने देख रहे थे।

(i) गद्यांश के लेखक हैं-

(क) प्रेमचंद (ख) शेखर जोशी (ग) यशपाल (घ) मन्नू भंडारी

(ii) रमेश किस नगर में नौकरी करता था?

(क) बनारस (ख) झाँसी (ग) कानपुर (घ) लखनऊ

(iii) रमेश मोहन को क्या समझता था?

(क) भाई-बिरादर (ख) नौकर (ग) संबंधी (घ) मित्र

(iv) मोहन अपनी वास्तविकता नहीं बताना चाहता था, क्योंकि?

(क) वह अपने पिता को दुःख नहीं पहुँचाना चाहता था

(ख) वह लखनऊ में मौजमस्ती करता था

(ग) वह पढ़ाई में व्यस्त था

(घ) वह रमेश को नाराज नहीं करना चाहता था

(v) मोहन के बहुत हीला हवाली करने के बाद हुआ -

(क) बहुत अच्छे स्कूल में प्रवेश (ख) साधारण स्कूल में प्रवेश

(ग) आवासीय स्कूल में प्रवेश (घ) किसी स्कूल में नहीं

6\. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यान से पढ़िए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए:- (1x5=5)

(i) कुंई की कितनी गहरी खुदाई हो चुकी थी?

(क) बीस-तीस हाथ (ख) तीस-पैंतीस हाथ

(ग) पच्चीस-तीस हाथ (घ) पंद्रह-बीस हाथ

(ii) कुंई की खुदाई किससे की जाती है?

(क) फावड़े से (ख) हत्थी से (ग) दरांती से (घ) बसौली से

(iii) चेलवांजी अपने सिर पर किस प्रकार का टोप पहनते हैं ?

(क) काँसे का (ख) पीतल का

(ग) किसी अन्य धातु का (घ) उपरोक्त में से कोई एक

(iv) राजस्थान में उपलब्ध पानी के रूप हैं-

(क) पालर पानी (ख) पाताल पानी (ग) रेजाणी पानी (घ) सभी

(v) कुंई की गरमी कम करने के लिए ऊपर जमीन पर खड़े लोग मुट्ठी भर-भरकर नीचे क्या फेंकते हैं ?

(क) रेत (ख) पानी (ग) टोप (घ) रस्सी

## <u>खंड - 'ब'</u>

7\. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 200-300 शब्दों में लेख (आलेख) लिखिए- (1x6=6)

(i) देश की प्रगति में विज्ञान का योगदान

(ii) आधुनिक शिक्षण प्रणाली और विदयार्थी देश की प्रगति में विज्ञान का योगदान

(iii) पुराने संसद भवन की आत्मकथा

8\. अपने नगर की टूटे हुए पुस्तकालय की मरम्मत **(**बनवाने**)** के लिए प्रशासक, नगर निगम, आणंद को 120 शब्दों में एक सारगर्भित पत्र लिखिए | (1x5=5)

अथवा

आकाशवाणी**,** बड़ोदरा के केंद्रनिदेशक को पत्र लिखकर आम विद्यार्थियों के लिए रोचक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों के प्रसारण की आवश्यकता को 120 शब्दों में रेखांकित कीजिए |

9\. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (1x4=4)

(i) जनसंचार कितने प्रकार के होते हैं और कौन-कौन होते हैं ? नामोल्लेख कीजिए |

(ii) पत्रकार कितने प्रकार के होते हैं ? नाम्मोलेख कीजिए |

(iii) भारत के किन्हीं दो राष्ट्रीय हिंदी समाचार पत्रों **के** नाम लिखिए |

(iv) हिंदी का पहला समाचार पत्र का क्या नाम था और कहाँ से प्रकाशित हुआ था ?

10. एलकान कंपनी में प्रबंधक पद के लिए वहाँ के चेयरमैन को स्ववृत्त आवे**द**न-पत्र लिखिए। (3x1=3)

11. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में लिखिए - (3x2=6)

(i) 'कहाँ तो तय था चिरागाँ हरेक घर के लिए,'
कहाँ चिराग मयस्सर नहीं शहर के लिए |' ग़ज़ल का आशय स्पष्ट कीजिए |

(ii) 'वे' कौन हैं तथा उनकी सोच क्या है ? 'गज़ल' के आधार पर विवेचन कीजिए |

(iii) 'घर की याद' कविता का प्रतिपादय लिखिए |

12. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए - (2x2=4)

(i) केवल स्त्रियों को ही घर का मोह नहीं सताता'-कविता के आधार पर सिद्ध कीजिए।

(ii) 'साये में धूप' गज़ल का उद्देश्य लिखिए।

(iii) विवाह और पति के प्रति चंपा की क्या धारणा है ?

13. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x2=6)

(i) बारिश के दृश्य को फिल्माने के लिए निर्देशक ने किस प्रकार संघर्ष किया? पाठ के आधार पर विस्तार से उत्तर लिखिए |

(ii) काश के फूल वाले दृश्य को एक साल बाद क्यों फिल्माया गया ?

(iii) लार्ड कर्जन की किन नीतियों से भारतीय परेशान थे?

14. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए - (2x2=4)

(i) अमित और उसकी भाँति अनेक विद्यार्थियों ने परेशान होकर भी आवाज़ क्यों नहीं उठाई ?

(ii) कम वेतन देनेवाले स्कूलों के खिलाफ रजनी के दूसरे आंदोलन के विषय पर टिप्पणी करें।

(iii) सरकारी दफ्तरों में औपचारिकताओं की उलझन मनुष्य के जीवन से भी बड़ी है।' 'जामुन का पेड़' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए।

15. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों में लिखिए - (2x2=4)

(i) कुंई और कुएँ में क्या अंतर है ?

(ii) चेलवांजी तथा उसके द्वारा किए जानेवाले कार्य का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(iii) कुंई का मुँह छोटा रखने के क्या कारण हैं ?

16. निम्नलिखित दो प्रश्नों में से किन्हीं एक प्रश्न के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए - (3x1=3)

(i) जो रेत के कण मरुभूमि को सूखा बनाते हैं, वे ही रेजाणीपानी का संग्रह करवाते हैं' पाठ के आधार पर वर्णन कीजिए।

(ii) राजस्थान में कुंई केवल जल आपूर्ति ही नहीं करतीं, सामाजिक संबंध भी बनाती हैं, कैसे ?